AI में महत्त्वपूर्ण शब्दावली

स्रोत: एल. एम.

हाल ही में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उभरते मुद्दों के संदर्भ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial intelligence- AI) और कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र से संबंधित कुछ शब्द चर्चा में हैं।

- **डेटा ड्रेजिंग:**
  - यह डेटा में पैटर्न खोजने के लिये एक **सांख्यिकीय आधारित हेरफेर विधि** है, जो महत्त्वपूर्ण प्रतीत होती है लेकिन वास्तविकता में इसका कोई अंतर्निहित प्रभाव नहीं होता है- जिसके परिणामस्वरूप **भ्रामक निष्कर्ष** निकलते हैं।
- **एयर गैप:**
  - साइबर सुरक्षा में एयर गैप कंप्यूटर या नेटवर्क को इंटरनेट सहित **बाह्य कनेक्शन** से अलग करने के नेटवर्क सुरक्षा उपाय को संदर्भित करता है।
  - प्रणाली की विफलता या घुसपैठ के मामलों में क्षति, अनधिकृत पहुँच और हेरफेर से डेटा को सुरक्षित रखने के लिये वर्गीकृत रक्षा प्रणालियों जैसे उच्च जोखिम वाले परिदृश्यों में आमतौर पर एयर गैप का उपयोग किया जाता है।
- **विविध विशेषज्ञताएँ:**
  - यह कार्यों को उप-समस्याओं में विभाजित करके और उनमें से प्रत्येक को संभालने के लिये 'विशेषज्ञ' मॉडल निर्दिष्ट करके प्रशिक्षण करने हेतु एक मशीन लर्निंग दृष्टिकोण है।
  - प्रत्येक विशेषज्ञ मॉडल उप-कार्यों की भविष्यवाणी करता है जिन्हें अंतिम आउटपुट उत्पन्न करने के लिये संयोजित किया जाता है।
- **OTA अपडेट:**
  - ओवर-द-एयर (OTA) अपडेट इंटरनेट कनेक्शन के माध्यम से नए सॉफ्टवेयर या फर्मवेयर सुविधाओं और अपडेट की डिलीवरी है।
  - OTA अपडेट ऑपरेटिंग सिस्टम, रीड-ओनली पार्टीशन पर सिस्टम ऐप्स और वायरलेस तरीके से समय क्षेत्र के नियमों में सुधार प्रदान करते हैं, जिससे स्वचालित या मैनुअल इंस्टॉलेशन सक्षम होता है।

और पढ़ें: साइबर सुरक्षा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/important-terminology-in-ai